प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–27.10.2023 (सं0–349)

दुर्गा पूजा / विजयदशमी

- राज्य में दुर्गा पूजा/विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ शान्तिपूर्ण मनाया गया। बिहार पुलिस मुख्यालय के द्वारा पर्व के क्रम में राज्य की विधि व्यवस्था, प्रबन्धन तथा पूजा कार्यक्रमों का निरन्तर अनुश्रवण किया जा रहा है। समय समय पर यथोचित निदेश जारी किये जा रहे हैं।
- राज्य में इस वर्ष 15312 प्रतिमाओं के स्थापित होने की सूचना है। अभी तक 14640 प्रतिमाएँ विसर्जित की जा चुकी हैं। 672 प्रतिमाओं का विसर्जन होना शेष है। इस प्रकार लगभग 96 प्रतिशत प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है। शीघ्र हीं 4 प्रतिशत शेष बची प्रतिमाओं का विसर्जन कराना सुनिश्चित किया जाएगा।
- राज्य में बेगूसराय, औरंगाबाद तथा सारण को छोड़कर प्रायः अभी तक सभी स्थानों पर शान्तिपूर्वक विसर्जन हुआ है। इन तीन जिलों में पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। बल तथा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। स्थिति सामान्य है, निगरानी रखी जा रही है।

दुर्घटना	संख्या	जिला
डूबने से मृत्यु	03	पटना
भगदड़ में मृत्यु	03	गोपालगंज

दुर्गा पूजा–2023 के दौरान सोशल मीडिया सेन्टर, बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा की गई कारवाई

दुर्गा पूजा–2023 के दौरान सोशल मीडिया सेण्टर, बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा लगातार किये जा रहे सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के क्रम में दिनांक–14.10.2023 से दिनांक–27.10.2023 के पूर्वाह्न तक सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर कुल लगभग 100 से अधिक आपत्तिजनक/ भड़काउ/ साम्प्रदायिक/सामुदायिक प्रकृति की टीका–टिप्पणी/पोस्ट को चिन्हित किया गया जिसमें फोटो/वीडियो/टिप्पणी आदि सम्मिलित हैं, जिन पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए विधि सम्मत कारवाई सुनिश्चित की जा रही है।

xxxxxxxxx